दिनांक 16.08.2017

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत घरेलु इलेक्ट्रिशियन, प्लंबर, कम्प्युटर ऑपरेटर, ड्रायवर, के लिए चयन प्रक्रिया जारी

भिलाईनगर/कलेक्टर सह अध्यक्ष जिला कौशल विकास प्राधिकरण, जिला दुर्ग के द्वारा दिनांक 11 जुलाई 2017 को दिए गए निर्देशानुसार एकीकृत आजीविका मिशन के अन्तर्गत विभिन्न योजनाओं से शिक्षित युवा बेरोजगारों को लाभांवित करने हेतु चिन्हांकित किया जाना है अतः हितग्राहियों को निगम क्षेत्र के सभी 70 वार्डो में दिनांक 16 अगस्त से 18 अगस्त 2017 तक चिन्हांकन शिविर लगाकर किया जा रहा है। जिसमें राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के मिशन प्रबंधक एवं सामुदायिक संगठिका तथा सीआरपी द्वारा शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें क्षेत्र के बैंक मैनेजर/शाखा प्रबंधक/व्ही.टी.पी. एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी गण उपस्थित रहेंगे। शिविर निर्धारित तिथियों को प्रात 10:00 बजे से प्रारंभ होगा। शिविर में उपस्थित इच्छुक हितग्राहियों का पंजीयन किया गया, जिससे हितग्राही के रूचि के अनुसार उन्हे प्रशिक्षण दिया जा सके।

शिविर स्थल पर उपस्थित हितग्राहियों को राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की विस्तृत जानकारी दी गई साथ ही अन्य विभाग जैसे—महिला एवं बाल विकास विभाग, उद्योग विभाग, श्रम विभाग, जनकल्याण विभाग, बैंक के प्रतिनिधि, आरसेटी, देना अग्रणी बैंक, समाज कल्याण विभाग, के प्रतिनिधि उपस्थित रहकर अपने—अपने विभागों की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दिये।

शासन के योजनानुसार जो युवक, युवती रोजगारोन्मुखी बनकर अपने जीवन को खुशहाल बनाना चाहते हैं अधिक से अधिक संख्या में हितग्राही आपके वार्ड में लगाये गए शिविर स्थल पर पहुॅच कर कौशल प्रशिक्षण हेतु काउसलिंग के पूर्व विभिन्न ट्रेड जैसे— घरेलु इलेक्ट्रीशियन, प्लंबर कम्प्यूटर आपरेटर, ड्राईवर, कारपेन्टर आदि ट्रेडों से संबंधित जानकारी प्राप्त कर दीनदयाल राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन विभाग द्वारा आयोजित सभी योजनाओं में तर्कसंगत निर्णय लेते हुए अपने कौशल के विकास के प्रति लाभांवित हो सकेंगे।

जनसम्पर्क अधिकारी